भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग,
नई दिल्ली – 110016

फा. स. - एस एम/ 01/06/2019

नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार, राष्ट्रीय एटलस एवं थिमैटिक मानचित्रण संगठन (नेटमो), कोलकाता, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक अधीनस्थ कार्यालय है, में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर संयुक्त निदेशक, जो सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'क' में राजपत्रित अलिपिकवर्गीय पद है, के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1.	**पद का नाम**	संयुक्त निदेशक
2.	**पदों की संख्या**	दो (02)
3.	**वेतनमान**	वेतन मैट्रिक्स में स्तर - 12 (78800- 209200 रु)
4.	**प्रतिनियुक्ति की अवधि**	प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है की अवधि साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5. **योग्यता**

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन या स्वशासी या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान या अनुसंधान संस्था के ऐसे अधिकारी:

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए है; या
(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर – 11 या सम्तुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात् पांच वर्ष की सेवा की है;

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हो:

आवश्यक:
(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भूगोल या भूविज्ञान में डॉक्ट्रेट ।

(ii) भूगोल या भूविज्ञान या भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यकारी या संकाय की हैसियत में दस वर्षों का कार्य करने या अनुसंधान का अनुभव।

वांछनीय:

थिमैटिक मानचित्रों के तैयार करने की आधुनिक तकनीकों का ज्ञान और मानचित्र सर्वर को संभालने में वेब मानचित्रण प्रौद्योगिकी का उदभासन या अनुभव।

6. **आयु सीमा**

आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख की स्थिति के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चहिए।

7. आवेदन के प्राप्ति की अंतिम तारीख इम्प्लॉयमेंट न्यूज़ /रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से पैंतालिस (45) दिन (05.30 अपराहन तक) होगी।

8. आवेदन के फॉर्मेट और अन्य सामान्य शर्तों एवं आवश्यकताओं के लिए हमारी वेबसाइट: **https://dst.gov.in/hi/घोषणा** देखें।

(दिनेश चंद्र)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-29512324

CBC 36124/11/0002/2425